पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ▪ जयपुर–श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ▪ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

इच्छाएं ही सब दुखों का मूल कारण है।
-भगवान बुद्ध

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

▪ वर्ष : 34 ▪ अंक : 315 ▪ मूल्य : रु. 2.00 ▪ पृष्ठ : 08 जयपुर, रविवार, 18 मई 2025 ऑनलाइन पढ़े : epaper.seemasandesh.in

जल्द शुरू होंगे ऑनलाइन ... 8

कार्यक्रम

सीरी में आयोजित हुआ स्वच्छता पखवाड़ा, डॉ. पंचारिया ने विजेताओं को पुरस्कृत किया

स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वच्छता महत्वपूर्ण कड़ी : डॉ. पी. सी. पंचारिया

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का विधिवत समापन 15 मई को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने की।

इस अवसर पर डॉ पंचारिया ने स्वच्छता पखवाड़ा अवधि के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। संस्थान के कार्मिकों एवं पुरस्कार विजेताओं को संबोधित करते हुए डॉ पंचारिया ने कहा कि स्वच्छता अभियान वर्ष पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है और हमें इसमें अनिवार्य रूप से अपना योगदान देना चाहिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री जी के संबोधन को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है।स्वच्छता और स्वास्थ्य को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की जननी है। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का विधिवत शुभारंभ 1 मई को हुआ। संस्थान के सभागार में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ पी सी पंचारिया ने सभी सहकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। समापन समारोह में आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी। इस अवसर पर पखवाड़ा अवधि के दौरान आयोजित गतिविधियों की वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। अंत में डॉ राहुल प्रजेश, प्रधान वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संपूर्ण कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सहकर्मियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के वैज्ञानिकों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों सहित प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित थे।मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सभी मंत्रालयों एवं विभागों में अलग-अलग अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत सरकार और सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में पिलानी स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान में 1 से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।